BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक- 27 सितम्बर 2023 **थाना बीबी नगर**

थाना बीबी नगर पुलिस द्वारा ऑनलाइन ठगी किये गये 9,799/- रुपये अथक परिश्रम कर वापस करायें गये।

दिनांक 21.03.2023 को आवेदक अंकित शर्मा पुत्र मंगल लाल शर्मा निवासी ग्राम नंगला चन्दपुरा थाना बी.बी. नगर जनपद बुलन्दशहर के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा साईबर फ्राड करके 9,799/- रूपयो की ठगी किये के जाने के संबंध में थाना बीबी नगर पर एक प्रार्थना पत्र दिया। इस सूचना पर थाना बीबी नगर साईबर टीम के द्वारा आवेदक की शिकायत 1930 (साईबर क्राईम हैल्पलाईन) पर दर्ज कराई गयी। थाना बीबी नगर साइबर हैल्प डेस्क द्वारा अथक परिश्रम करते हुए आवेदक के 9,799/- रुपये वापस कराये गये। आवेदक द्वारा थाना परिसर में उपस्थित होकर थाना बीबी नगर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

सावधानः- किसी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा न करें।
खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें।

मीडिया सैल बुलन्दशहर